- **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं का मूल्यांकन संबंधित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के नोडल अधिकारियों के समन्वय से करना।**
- **स्वास्थ्य उत्पादों/स्वास्थ्य हस्तक्षेपों का लागत-प्रभावशीलता विश्लेषण करना।**
- **कार्यक्रम क्रियान्वयन में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।**
- **उपकरणों एवं डायग्नोस्टिक्स की लागत एवं मूल्य निर्धारण से संबंधित डेटा/बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।**
- **प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य विषयों पर अनुसंधान कार्य करना।**
- **समय-समय पर सौंपे गए अन्य दायित्वों का निर्वहन करना।**

**योग्यताएँ एवं अनुभव : (केवल नियमित पाठ्यक्रम/डिग्री मान्य होंगी)**

- **बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक/बी.ई./ बीडीएस अथवा एमबीबीएस के साथ मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH) / सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिग्री या डिप्लोमा / बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में एम.टेक।**
- **उपकरणों/डायग्नोस्टिक्स/क्लिनिकल अनुसंधान/व्यवस्थित समीक्षा या प्रकाशित अध्ययनों/परीक्षणों के मेटा-विश्लेषण से संबंधित क्षेत्र में प्रकाशित शोध कार्य।**
- **उपकरणों एवं डायग्नोस्टिक्स के सत्यापन/मूल्यांकन से संबंधित विश्लेषणात्मक कार्यों में कम से कम 02 वर्ष का स्नातकोत्तर उपरांत कार्य अनुभव वांछनीय।**
- **MS Word, Excel, PowerPoint आदि सामान्य कंप्यूटर अनुप्रयोगों का अच्छा ज्ञान तथा प्रासंगिक डेटा एवं दस्तावेज़ खोजने हेतु इंटरनेट/वेब सर्च का ज्ञान।**
- **उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं पारस्परिक कौशल; अंग्रेज़ी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण क्षमता।**
- **बहु-विषयक टीम वातावरण में कार्य करने की सिद्ध क्षमता।**

